TARKESHWAR NARAIN AGRAWAL COLLEGE OF EDUCATION

(Autonomous)

HARIGAON, ARA, (BHOJPUR) BIHAR

(Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna & Bihar School Examination Board, Patna)

(UGC Recognition under section 2(f), ISO 9001:2015 Certified Institution & NAAC Accredited with Grade "B")

Website: tnace.ac.in Email: info@tnace.ac.in

E-NEWS BULLETIN

13th Edition

January to March – 2025

Courses

B.Ed., D.El.Ed., B.B.A., B.C.A & MA in Education

Mob- 9507865058, 7070091227

A unit of Tarkeshwar Narayan Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara, Bhojpur

Editor	*Chief Editor*	*Patron*
Mr. Rajaee Kumar	*Dr. Rahul Kumar Pandey*	*Dr. Krishna Murari Agrawal*
Asst. Prof.	*Principal*	*Secretary*
T.N.A.C.E., Harigaon	*T.N.A.C.E., Harigaon*	T.N.A.C.E., Harigaon

TYPING & DESIGING: -*Rajaee Kumar (Asst. Prof.)*

Contributor: Mr. Pramod Kumar, Mr. Gaurav Kumar, Smt. Nilam Kumari, Ms. Komal Kumari

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव, आरा (भोजपुर) द्वारा अपने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को जनसामान्य एवं छात्रों तक पहुंचाने की उद्देश्य महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन समाचार पत्रिका का तेरहवां संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

इस समाचार पत्रिका के माध्यम से हम कॉलेज की गतिविधियों छात्र उपलब्धियों शिक्षकों के मार्गदर्शन सामाजिक मुद्दों और समसामयिक घटनाओं को साझा कर सकेंगे। इसके अलावा यह मंच छात्रों को लेखन कौशल रिपोर्टिंग और संपादन जैसी महत्वपूर्ण योग्यताओं को निखारने का अवसर भी प्रदान करेगा।

मैं इस ऑनलाइन समाचार पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु प्रकाशक मंडल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल
अध्यक्ष
तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव

संदेश

यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय में हर तिमाही 12 वां संस्करण की भाँति इस बार भी 13 वां संस्करण समाचार पत्रिका प्रकाशित करने जा रहा है

ऑनलाइन समाचार पत्रिका हमारे कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है जो न केवल संस्थान की गतिविधियों को दर्शाएगी बल्कि विद्यार्थियों को लेखन संपादन और संवाद कला में भी निपुण बनाएगी। यह मंच हमारे छात्रों के विचारों रचनात्मकता और नवीनतम घटनाओं को साझा करने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। मैं आशा करता हूँ कि इस पहल से विद्यार्थी न केवल अपनी अभिव्यक्ति को सशक्त बनाएंगे बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित करेंगे।

डॉ राहुल कुमार पाण्डेय
प्राचार्य
तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव

"संपादकीय टीम के द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन समाचार पत्रिका निष्पक्षता, सत्य और विश्वसनीयता का प्रतीक है, जो पाठकों को सटीक जानकारी और जागरूकता प्रदान करने का प्रयास करती है।"

संपादकीयटीम

सावित्रीबाई फुले जयंती

दिनांक 03/01/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर। अपने संबोधन में डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काम किया और महिला आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में कॉलेज के टीचिंग स्टाफ नॉन टीचिंग स्टाफ और छात्राएं शामिल हुऐ।

गुरु गोबिंद सिंह जयंती

दिनांक 06/01/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडे ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। अपने संबोधन में डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एक महान योद्धा कवि दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता थे। जिन्होंने सभी जातियों के बीच भेदभाव को मिटाया और लोगों में आत्मसम्मान की भावना पैदा की। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक कर्मचारी और छात्र मौजूद थे।

स्वामी विवेकानंद जयंती
(राष्ट्रीय युवा दिवस)

दिनांक-11/01/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर) में स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि जीवन में बड़ा बदलाव लाने के लिए एक विचार ही काफी है। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि जिस तरह एक बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित कर सकता है, उसी तरह एक व्यक्ति दुनिया में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। कॉलेज के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि दूसरों की भलाई करने से हमारा हृदय शुद्ध होता है और उसमें ईश्वर का निवास होता है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, श्री नीरज तिवारी और श्री राजेश कुमार सहित वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने अन्य शिक्षकों और प्रशिक्षुओ के साथ अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर श्रीमती पी.एम. जेना, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री के.बी. यादव, श्री रजई कुमार, श्री अजीत कुमार और श्री सुनील कुमार जैसे प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों के साथ-साथ गैर-शिक्षण कर्मचारी, प्रशिक्षुओ और छात्र उपस्थित थे।

Program of distribution of Blankets on the occasion of Makar Sankranti

दिनांक: 13/01/2025 मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर एवं तारकेश्वर नारायण अग्रवाल एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, पटना के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ग्रामीणों के लिए कंबल एवं चूड़ा-गुड़ वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया

इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक एवं कॉलेज के सचिव डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों में समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है और उन्हें जीवन का सही सार समझने में मदद मिलती है। उन्होंने इस प्रेरक पहल के लिए प्राचार्य, सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई, साथ ही श्री रमाकांत चौबे ने भी अपना संबोधन दिया। डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने जरूरतमंदों के बीच कंबल और गुड़ के साथ चुडा वितरित किए। इसके बाद, कॉलेज के सभी शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भी वितरण में भाग लिया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

टीएन अग्रवाल कालेज में कंबल वितरित

जासं,आरा : तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कालेज आफ एजुकेशन हरिगांव व टीएन अग्रवाल एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाऊंडेशन पटना के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर स्थानीय दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं चुड़ा-गुड़ वितरण का कार्यक्रम का आयोजीत किया गया। कार्यक्रम कालेज के सचिव डा. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजनों से विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति प्रेरणा मिलती है।

समाज सेवा के कार्यक्रम समाज के कमजोर, जरूरतमंद और वंचित वर्गों की सहायता के लिए आयोजित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम विभिन्न रूपों में हो सकते हैं, जैसे:

1. भोजन वितरण अभियान - गरीबों, मजदूरों और बेसहारा लोगों के लिए भोजन वितरण।
2. कपड़ा वितरण अभियान - ठंड के मौसम में गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण।
3. शिक्षा सहायता कार्यक्रम - जरूरतमंद बच्चों को किताबें, स्टेशनरी और शिक्षण सामग्री प्रदान करना।
4. स्वास्थ्य शिविर - मुफ्त जांच, दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श सेवा
5. रक्तदान शिविर - रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने की पहल।
6. पर्यावरण संरक्षण अभियान - पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम।
7. सामाजिक जागरूकता अभियान - बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में दिनांक- 23/01/2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशिक्षुओं द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी प्रशिक्षु और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता रैली

विषय- आपका वोट, आपकी पहचान, मतदाता सुची में नाम जुड़वायें

दिनांक- 25/01/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में "मतदाता जागरूकता रैली" का आयोजन किया गया।

कॉलेज के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि "मेरा वोट मेरा भविष्य है।"

उन्होंने सभी नागरिकों से अपने मताधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करने का आग्रह किया। प्राचार्य, डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और यह मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्राचार्य ने सभी संकाय सदस्यों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं को अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से प्रयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कॉलेज के मुख्य द्वार से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्यों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं और छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

वोट का अधिकार लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार देता है। भारत में यह अधिकार संविधान द्वारा प्रदत्त है और इसे सामान्य मतदान अधिकार (Universal Adult Franchise) के सिद्धांत पर आधारित किया गया है।

चुनाव में भाग लेने के लिए आवश्यक शर्तें

- नागरिक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
- व्यक्ति का नाम निर्वाचन सूची (Voter List) में दर्ज होना चाहिए।
- नागरिकता भारतीय होनी चाहिए।

नोट: वोट देना न केवल एक अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है।

गणतंत्र दिवस

26 जनवरी 2025

76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर) में 26 जनवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन माध्यम से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक महान राष्ट्रीय पर्व है, जो संविधान के निर्माण के माध्यम से स्वतंत्रता के मूल लक्ष्य की प्राप्ति का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनशक्ति ही लोकतंत्र का सार है और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक नागरिक में जिम्मेदारी का भाव होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने भारतीय होने पर गर्व व्यक्त किया उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

ध्वजारोहण के पश्चात सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा, तत्पश्चात महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, शॉर्टप्ले एवं गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगी गतिविधियों में अव्वल आए विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, तत्पश्चात विद्यार्थियों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने की जबकि कार्यक्रम की संरचना एवं समन्वय का प्रबंधन प्रमोद कुमार एवं अजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्रीमती पी.एम. जेना, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री के.वी. यादव, श्री रजय कुमार, विक्रांत कुमार सिंह, सुनील कुमार एवं राजेश कुमार सहित समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

सरस्वती पूजा

वसंत पंचमी के पावन अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर के विद्यार्थी परिषद समिति द्वारा आज दिनांक- 03/02/2025 को देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष समारोह पूर्वक हवन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वसंत पंचमी के दिन ज्ञान वाणी एवं बुद्धि की अधिकारी सरस्वती देवी भगवान ब्रह्मा की जिह्वा से प्रकट हुई थीं। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की विशेष पूजा की जाती है।

प्राचार्य, डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने विद्या की देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए समर्पित मन से हवन एवं पूजन कराया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने आचार्य की भूमिका निभाते हुए धार्मिक अनुष्ठान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य संकाय सदस्यों में श्रीमती पी.एम. जेना, श्री नीरज कुमार तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री के.बी. यादव, श्री रजय कुमार, श्री विक्रांत कुमार, श्री अजीत कुमार और श्री सुनील कुमार सहित सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

टीएन कालेज में श्रद्धा से मां सरस्वती की हुई पूजा

पूजा अर्चना में शामिल फैकाल्टी के शिक्षक एवं छात्र • जागरण

जासं, आरा: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कालेज आफ एजुकेशन हरिगांव महाविद्यालय के छात्र परिषद समिति द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधिवत हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। मौके पर कालेज के चेयरमैन डा. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी के दिन ही भगवान ब्रह्मा जी की जिह्वा से वाणी, ज्ञान और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती जी प्रकट हुई थी यही कारण है कि इस दिन माता सरस्वती की विशेष पूजा का विधान है। प्राचार्य डा. राहुल कुमार पांडेय ने संकल्पित मन से विद्या की देवी मां सरस्वती का विधिवत हवन एवं पूजन किया। आचार्य के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापक डा. मनोज कुमार उपाध्याय ने पूजन के कार्यक्रम को बिधिवत संपन्न कराया। मौके पर प्राध्यापक प्रमोद कुमार, प्राध्यापक पीएम जेना, डा. नीरज कुमार तिवारी, चंदन कुमार गुप्ता, केवी यादव, रजय कुमार, विक्रांत कुमार सिंह, अजीत कुमार एवं सुनील कुमार सहित सभी प्रशिक्षुगण मौजूद थे। वहीं शहर के नवादा स्थित विद्यासागर शिक्षण संस्थान के प्रांगण में मां शारदे की प्रतिमा का दूसरे दिन सुबह आरती बंधन पूजा के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से हुआ। मौके पर संस्था के निदेशक आरबी सिंह, राजद के यूवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव प्रो. ऋषिकेश तिवारी, बिजेंद्र यादव- पूर्व विधायक, डा. विजय गुप्ता और पंकज कुमार निदेशक गुरुकुल समेत कई लोग मौजूद थे।

टीएन अग्रवाल कॉलेज में सरस्वती पूजा के मौके पर चेयरमैन केएम अग्रवाल और अन्य। हिन्दुस्तान। • हिन्दुस्तान

टीएन अग्रवाल कॉलेज में पूजनोत्सव

आरा। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में महाविद्यालय की छात्र परिषद समिति की ओर से वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधिवत हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय, प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने पूजन के कार्यक्रम को बिधिवत संपन्न कराया । संयोजन प्राध्यापक प्रमोद कमार ने किया।

निःशुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव आरा, भोजपुर में निःशुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग संचालन का आयोजन तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर फाउंडेशन पटना के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक-05/02/2025 को प्रारंभ किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमाकांत चौबे के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर वर्ग संचालन का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। और बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण बालिकाओं के कंप्यूटर की दक्षता को बढ़ाएगा । इसी क्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री रमाकांत चौबे ने अनुशासन में रहकर ही प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज का युग कंप्यूटर का युग है किसी भी विभाग में कंप्यूटर के बिना कार्य नहीं हो रहा है अतः कंप्यूटर जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है।

T.N.A.C.E.H.

इस मौके पर प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का भी परिचय कराया । इस क्रम में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में श्री केवी यादव सहायक प्राध्यापक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बालिका प्रशिक्षु भी मौजूद रहे ।

निश्शुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य ■ जागरण

जासं, आरा: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कालेज आफ एजुकेशन हरिगांव में निश्शुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग संचालन बुधवार से शुरू हो गया। प्राचार्य डा. राहुल कुमार पांडेय एवं मुख्य अतिथि रमाकांत चौबे ने वर्ग संचालन का उद्घाटन किया। कालेज के चेयरमैन डा कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने आनलाइन माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने अनुशासन में रहकर ही प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी। प्राचार्य ने कहा कि आज कंप्यूटर का युग है किसी भी विभाग में कंप्यूटर के बिना कार्य नहीं हो रहा है। कंप्यूटर जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। कंप्यूटर प्रशिक्षण केवी यादव थे।

गुरु रविदास जयंती

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव, आरा, भोजपुर में दिनांक-12/02/2025 गुरु रविदास जयंती मनाई गई।

प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि गुरु रविदास एक महान संत थे जो मन को सबसे शुद्ध मानते थे। उन्होंने कहा कि अगर मन शुद्ध है तो हमारा घर ही मथुरा, काशी और स्वर्ग है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा अपने मन को शुद्ध रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य संकाय सदस्यों में श्रीमती पी.एम. जेना, श्री नीरज कुमार तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री के.बी. यादव, श्री रजय कुमार, श्री विक्रांत कुमार, श्री अजीत कुमार और श्री सुनील कुमार सहित सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।



शिक्षा के लिए कार्य

(मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्यक्रम)

आज दिनांक- 13/02/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव, आरा, भोजपुर में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा "हस्तकला प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने मिट्टी द्वारा प्रस्तुत विभिन्न शैक्षिक कलाकृतियों का निर्माण किया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं के कार्यों का मूल्यांकन किया गया ।

कार्यक्रम का संयोजन श्री प्रमोद कुमार ने किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक श्रीमती पीएम जेना, डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, डॉ नीरज तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री केवी यादव, श्री रजय कुमार, श्री अजीत कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री राजेश कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह, सहित सभी शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षुण गण मौजूद रहे।

टीएनए टीचर्स कॉलेज में मिट्टी की हस्तकला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रतिनिधि, आरा

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा हस्तकला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने मिट्टी द्वारा प्रस्तुत विभिन्न शैक्षिक कलाकृतियों का निर्माण किया, जिसमें शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं के कार्यों का मूल्यांकन किया गया. कार्यक्रम का संयोजन प्रमोद कुमार ने किया. मौके पर शिक्षक पीएम जेना, डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, डॉ नीरज तिवारी, चंदन कुमार गुप्ता, केवी यादव, रजय कुमार, अजीत कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार, विक्रांत कुमार सिंह सहित शिक्षकेतर कर्मचारी एवं प्रशिक्षगण मौजूद रहे.

मिट्टी की हस्तकला प्रदर्शनी प्रदर्शित करते छात्र-छात्राएं.

भारत स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर-2025

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव, आरा, (भोजपुर) में "भारत स्काउट एवं गाइड" प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 17/02/2025 (सोमवार) से 21/02/2025 (शुक्रवार) तक किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि - स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य युवाओं की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय एवं शिविर प्रमुख

कमलेश्वर कुमार ओझा एवं स्काउट गाइड प्रभारी श्री के.बी.यादव (सहायक प्राध्यापक), श्री प्रमोद कुमार (सहायक प्राध्यापक) एवं समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति में माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रार्थना एवं स्वागत गान प्रस्तुत कर की गई। पांच दिवसीय शिविर के उद्घाटन सत्र को

संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्वास्थ्य, चरित्र, कला एवं कौशल, सेवा भावना एवं अनुशासन जैसे गुणों का विकास होता है।



शिविर प्रमुख कमलेश्वर कुमार ओझा ने प्रशिक्षणार्थियों को भारत स्काउट एवं गाइड के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के पहले दिन स्काउट एवं गाइड की गश्ती के विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए गए। कार्यक्रम का संयोजन के.बी.यादव (सहायक प्रोफेसर), श्री प्रमोद कुमार (सहायक प्रोफेसर) ने किया तथा संचालन डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने किया।

दिनांक- 21/02/2025 शुक्रवार को पांच दिवसीय "भारत स्काउट एवं गाइड" प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने समापन समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड हमेशा अनुशासन में रहकर किसी भी परिस्थिति में दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से स्वास्थ्य, चरित्र, कला एवं कौशल, सेवा भावना एवं अनुशासन जैसे गुणों का विकास होता है। शिविर प्रमुख एवं

प्रशिक्षक ने प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को गाइड के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अपनी अलग-अलग टीमों का नामकरण भी किया।

प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं को अलग-अलग ग्रुप में हरी झंडी दिखाकर ट्रेक के लिए रवाना किया। शिविर के आयोजन के साथ ही समापन समारोह के अंतिम दिन कैंपिंग फायर भी जलाया गया।

कार्यक्रम में कई पेट्रोल बनाए गए, जिसमें रानी लक्ष्मी बाई पेट्रोल, रजिया सुल्तान पेट्रोल, वीर कुंवर सिंह पेट्रोल एवं अन्य पेट्रोल ने

सराहनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम के प्रभारी के.बी. यादव (सहायक प्राध्यापक), श्री प्रमोद कुमार (सहायक प्राध्यापक) के साथ-साथ शिक्षकगण श्रीमती पी.एम. जेना, डॉ नीरज तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री अजीत कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह श्री राजेश कुमार सहित समस्त शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण एवं प्रतिभागी प्रशिक्षु एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्काउट शिविर से युवाओं का होगा समुचित विकास

आरा। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में पांच दिवसीय भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि स्काउट एंड गाइड का उद्देश्य युवकों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना होता है। उद्घाटन प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय, शिविर प्रधान कमलेश्वर कुमार ओझा और स्काउड गाइड प्रभारी केवी यादव, प्रमोद कुमार सहित सभी शिक्षकों ने किया। प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्वास्थ्य, चरित्र, कला एवं कौशल सेवा भावना और अनुशासन जैसे गुणों का विकास होता है। शिविर प्रधान कमलेश्वर कुमार ओझा ने भारत स्काउट एंड गाइड के उद्देश्य और कर्तव्यों के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तार के साथ जानकारी प्रदान की। सह संयोजन केवी यादव व प्रमोद कुमार ने किया और संचालन डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने किया। शिक्षक पीएम जेना , डॉ नीरज तिवारी, चंदन कुमार गुप्ता, रजय कुमार, अजित कुमार, सुनील कुमार, विक्रांत कुमार सिंह, राजेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

टीएन कॉलेज में सोमवार को स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन के मौके

दैनिक जागरण
पटना,20 फरवरी, 2025 www.jagran.com

स्काउट–गाइड का उद्देश्य बौद्धिक क्षमता का विकास

जास. आरा: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कालेज आफ एजुकेशन हरिगांव में पांच दिवसीय भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कालेज के चेयरमैन डा. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने आनलाइन संबोधन में कहा कि स्काउट एंड गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना होता है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डा. राहुल कुमार पांडेय व शिविर प्रधान कमलेश्वर कुमार ओझा और स्काउड गाइड प्रभारी केवी यादव, प्रमोद कुमार सहित सभी शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कालेज के प्रशिक्षुओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्वास्थ्य, चरित्र, कला एवं कौशल जैसे मानवीय गुणों का विकास होता है। कार्यक्रम के प्रथम दिन स्काउट एंड गाइड के टीम का नामकरण करते हुए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए गए। मौके पर कालेज के शिक्षक पीएम जेना, डा. नीरज तिवारी, चंदन कुमार गुप्ता, रजय कुमार, अजित कुमार, सुनील कुमार, विक्रांत कुमार सिंह मौजूद थे।

महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती

दिनांक 22/02/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती मनाई गई।

कॉलेज के प्राध्यापक श्री के.बी. यादव, श्री प्रमोद कुमार एवं श्री सुनील कुमार ने महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

स्वामी दयानंद सरस्वती ने दिया था। यह नारा आर्य समाज के विचारधारा का मूलभूत सिद्धांत था, जिसमें उन्होंने समाज को वेदों की शुद्ध और वैज्ञानिक शिक्षा की ओर वापस जाने का संदेश दिया। और उन्होंने यह भी कहा कि ईश्वर का न कोई रंग है और न ही कोई रूप ईश्वर अनादि और अनंत है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक, श्रीमती पी.एम. जेना, डॉ नीरज तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री अजीत कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह श्री राजेश कुमार सहित समस्त शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण एवं प्रतिभागी प्रशिक्षु एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शिक्षकेतर कर्मचारी और प्रशिक्षु शामिल हुए।

संकाय विनिमय कार्यक्रम

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में फैकल्टी एक्सचेंज स्कीम के अंतर्गत आज दिनांक- 20.02.2025 को एक दिवसीय फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एबीसी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नेऊरा, पटना से असिस्टेंट प्रोफेसर श्री राकेश कुमार सिंह ने भाग लिया। तारकेश्वर

नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिवार ने उनका हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम एक समझौता ज्ञापन (MOU) के तहत संचालित शैक्षणिक संस्थानों के बीच एक सहयोगी गतिविधि है। यह कार्यक्रम संवाद के लिए एक अनूठा

अवसर प्रदान करता है और संस्थानों के बीच बेहतर संबंधों को बढ़ावा देता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने इस तरह के एक्सचेंज प्रोग्राम के लाभों पर जोर दिया

सत्र के दौरान, एबीसी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नेओरा, पटना के श्री राकेश कुमार सिंह ने बी.एड. और डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के लिए एक क्लास का संचालन किया।

उन्होंने बी.एड. पाठ्यक्रम के क्रेडिट पॉइंट सिस्टम पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और विभिन्न संबंधित शैक्षणिक जानकारी साझा की। उन्होंने प्रशिक्षुओं को पूर्व ज्ञान-आधारित प्रश्नों से भी जोड़ा, जिसका छात्रों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया और सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का समन्वयन श्री चंदन कुमार गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम में श्रीमती पी.एम. जेना, डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, श्री के.बी. यादव, श्री रजई कुमार, श्री प्रमोद कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री अजीत कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह और श्री राजेश कुमार सहित संकाय सदस्य और अन्य शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, बी.एड., डी.एल.एड. और एम.ए. (शिक्षा) कार्यक्रमों के प्रशिक्षु भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर लघु प्रदर्शनी

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर के प्रशिक्षुओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा दिनांक- 28/02/2025 (शुक्रवार) को "लघु विज्ञान प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने छात्रों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजनों में भाग लेने से वैज्ञानिक सोच मजबूत होती है और अंधविश्वास को खत्म करने में मदद मिलती है।

उन्होंने सभी छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने छात्रों के मॉडल और प्रतिभा की सराहना की और उन्हें हमेशा रचनात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लोकल एरिया नेटवर्क, वर्किंग 3 डी मॉडल, सेफ पार्क, सोलर सिस्टम, चंद्रयान-3, जल शोधन, वायुमंडल की परतें, प्रसुप्त ज्वालामुखी, प्रकाश संश्लेषण, भारत का मानचित्र और प्राकृतिक संसाधन समेत कई मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का आयोजन प्रो. के.बी. यादव और प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में बी.एड., डी.एल.एड., बीबीए, बीसीए और एम.एड. के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमती पी.एम. जेना, डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, डॉ. नीरज तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह, श्री राजेश कुमार, श्री अजीत कुमार, श्री सुनील कुमार सहित सभी शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक- 08/03/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन हरिगांव, आरा, भोजपुर में महाविद्यालय के महिला विकास प्रकोष्ठ के द्वारा (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस) के अवसर पर प्रेरणात्मक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डॉ विभा सिन्हा सेक्रेटरी, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, आरा भोजपुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय एवं

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन
हुसिगाँव, भोजपुर (आरा)
TARKESHWAR NARAIN AGRAWAL COLLEGE OF EDUCATION

मुख्य अतिथि डॉ विभा सिन्हा तथा महाविद्यालय के वूमेंस डेवलपमेंट सेल की कॉर्डिनेटर श्रीमती पीएम जेना के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुवात की गई महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई ।

तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय के द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ विभा सिन्हा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर शब्द गुच्छ के माध्यम से स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती अनीता कृष्णा जी ने ऑनलाइन माध्यम से कहा कि महिलाएं किसी भी राष्ट्र, समाज और परिवार की धुरी है। आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। भारतवर्ष में आदिकाल से ही नारी को वन्दनीय माना गया है उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण वर्तमान समय की मांग है। साथ ही एक कविता का वाचन करते हुए कहा कि

"भूले से मत कीजिए नारी का अपमान।

नारी जीवन दायिनी नारी है वरदान।"

इसी क्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने कहा कि भारत के लोग न केवल नारी को पूजनीय मानते हैं अपितु समता और समावेशीकरण की अग्रिम पंक्ति में उन्हें स्थान भी देते हैं। भारत की नारी शक्ति किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है । उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के सहयोग और सामर्थ्य के बिना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है।

मुख्य अतिथि डॉ विभा सिन्हा ने अपने प्रेरणात्मक उद्बोधन की शुरुवात आज के नारी को स्वयं सिद्धा बनने की जरूरत से की।उन्होंने कहा कि एक दिन हम महिला दिवस के नाम पर महिला को सम्मानित करें बस इसी से महिला का सम्मान नहीं हो सकता बल्कि उन्हें हर समय हर स्थान पर सम्मानित करने की की महती आवश्यकता है उन्होंने महिला के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की चर्चा करते हुए भारतीय संविधान में दिए गए महिला के अधिकारों पर हर एक महिलाओं को जागरूक होने की बात भी कही साथ ही कहा कि ***महिला कोमल है परंतु कमजोर नहीं*** प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय

ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन सशक्त महिलाएं और सशक्त विश्व से किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिला किसी भी रूप में किसी से कम नहीं है, और कोई क्षेत्र इनसे अछूता नहीं है।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री कोमल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, श्री कुंवर बहादुर यादव, विक्रांत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, अजित कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार के साथ अन्य शिक्षक/कर्मचारी एवं प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे।

शैक्षणिक संस्थानों में सम्मान समारोह हुआ

आरा, निज प्रतिनिधि। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर समेत जिले भर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थान सहित अन्य की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थानों की ओर से महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में महिला विकास प्रकोष्ठ की ओर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की सचिव डॉ विभा सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उदघाटन प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय एवं मुख्य अतिथि डॉ विभा सिन्हा तथा महाविद्यालय की यूमेंस डेवलपमेंट सेल की कॉर्डिनेटर पीएम जेना ने संयुक्त रूप से किया। उपाध्यक्ष अनीता कृष्णा ने कहा कि महिलाएं किसी भी राष्ट्र, समाज और परिवार की धुरी है। चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि भारत के लोग न केवल नारी को पूजनीय मानते हैं बल्कि समता और समावेशीकरण की अग्रिम पंक्ति में उन्हें स्थान भी देते हैं। मुख्य अतिथि डॉ विभा सिन्हा ने कहा कि एक दिन हम महिला दिवस के नाम पर महिला को सम्मानित करें, बस इसी से महिला का सम्मान नहीं हो सकता, बल्कि उन्हें हर समय हर स्थान पर सम्मानित करने की की महती आवश्यकता है। संचालन कोमल ने किया।

होली मिलन समारोह

दिनांक- 12/03/2025 (शनिवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन माध्यम से पूरे कॉलेज परिवार को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह त्योहार भारत की परंपराओं का प्रतीक है और अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिनिधित्व करता है।

प्राचार्य, संकाय सदस्यों, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा सभी छात्रों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं सभी छात्र उपस्थित थे।

अग्नि सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम

आज दिनां–20/03/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरीगांव में "अग्निशमन सुरक्षा जागरूकता" एवं सुनीता विलियम्स के वापस आने के अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पाण्डेय जी ने इस कार्यक्रम के अध्यक्षता किये सहायक प्राध्यापक प्रमोद कुमार तथा रजई कुमार के द्वारा अग्नि बचाव संबंधी उपायों से जागरूक किया गया।

ऑनलाइन के माध्यम से श्रीमती अनिता कृष्णा मैम तथा डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने छात्र-छात्राओ को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि अपने घर एवं समाज में अग्नि संबंधी जागरूकता को फैलायेंगे एवं जानकारी प्रदान करेंगे।

प्राचार्य महोदय ने अग्निसंबंधी जागरूकता की जानकारी देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किये। कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजक सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार ने किये। इस कार्यक्रम में BBA, BCA और MA एजुकेशन के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सहायक अध्यापिका पी.एम. जेना मैडम डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, डॉ. नीरज कुमार तिवारी, चंदन कुमार गुप्ता, के.वी. यादव, विक्रांत कुमार, सुनील कुमार, एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

बिहार दिवस के उपलक्ष्य मे विश्व जल संरक्षण कार्यक्रम

दिनांक- 22/03/2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव, आरा भोजपुर में बिहार दिवस के अवसर पर *"जल संरक्षण"* जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने एक जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षुओ के इस जागरूकता रैली को महाविद्यालय के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करने के पूर्व उन्होने प्रशिक्षुओ को जलसंरक्षण के विषय मे महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जल के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जन जागरूकता को

बढ़ाना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के चैयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से कहा कि *"जल ही जीवन है"* जल-जीवन-हरियाली तभी होगी चहुँ ओर ख़ुशहाली। उन्होंने कहा कि जीवन का आरंभ जल से हुआ है, और इसका सतत प्रवाह ही जीवन की निरंतरता का आधार है।

